हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, शनिवार 11 अप्रैल 2026

11 तीन करोड़ खर्चने पर भी झील बनी डरावना ...



12 नई सब्जी मंडी में मुख्यमंत्री नायब सैनी की रैली आज...






### मंत्री के साथ बातचीत विफल होने के बाद कर्मचारियों ने कड़े किए तेवर

# तीसरे दिन भी रही हड़ताल, कई कर्मचारी नेताओं ने दिया समर्थन

■ सरकार कर्मचारियों के हक एवं अधिकारों के प्रति गंभीर नहीं, कर्मियों में पनप रहा रोष : सुमेर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

प्रदेश में अपनी लंबित मांगों को लेकर आंदोलनरत अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों और प्रदेश सरकार के बीच तकरार बढ़ती जा रही है। कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल के साथ यूनियन पदाधिकारियों की वार्ता विफल होने के बाद कर्मचारियों ने अपने तेवर कड़े कर लिए हैं। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शुक्रवार को लगातार तीसरे दिन दमकल कर्मचारी हड़ताल पर रहे, जिससे विभाग का कामकाज पूरी तरह ठप नजर आया।

हड़ताल के तीसरे दिन धरने पर न केवल दमकल कर्मचारी, बल्कि विभिन्न विभागों के दिग्गज कर्मचारी नेताओं ने पहुंचकर लड़ाई में अपना समर्थन दिया। तीसरे दिन की हड़ताल पर धरने को रोडवेज से राज्य प्रधान नरेन्द्र दिनोद, पवन शर्मा, डिपो सचिव अनिल नागर, प्रदीप दुगल, पब्लिक हेल्थ से जिला प्रधान अनिल बागड़ी, प्रवीण ब्रांच सचिव, जनवादी महिला समिति से जिला प्रधान बिमला घणघस, सचिव अनुराधा, रिटायर्ड कर्मचारी संघ से रामचंद्र, सीआईटीयू से महावीर चांग, भीम, जिला सचिव अनिल, शिक्षा बोर्ड से प्रधान सत्यवीर स्वामी, अशोक लांबा संगठन सचिव स्वामी, सकसं के राज्य सचिव अशोक पिलानिया, अध्यापक संघ के खंड सचिव लाजपत जाखड़, राज्य सचिव महेंद्र सिंह श्योरान, सकसं के जिला प्रधान सुमेर सिंह आर्य, सूरजभान जटासरा, धर्मबीर भाटी, अशोक गोयत समर्थन देने पहुंचे एवं धरने को संबोधित किया।



भिवानी। हड़ताल के दौरान नारेबाजी करते दमकल विभाग के कर्मचारी।

### अनदेखी कर रही सरकार

कर्मचारी ने कहा कि सरकार लगातार कर्मचारियों की मांगों की अनदेखी कर रही है, हमें बार-बार सड़कों पर उतरने के लिए मजबूर किया जा रहा है। कैबिनेट मंत्री के साथ वार्ता विफल होना दर्शाता है कि सरकार गंभीर नहीं है, लेकिन हम स्पष्ट कर देना चाहते हैं कि कर्मचारी अब झुकने वाले नहीं हैं। अगर दमकल कर्मियों की मांगें नहीं मानी तो आंदोलन सरकार की नींव हिला देगा। इस मौके पर हरियाणा अग्निशमन कर्मचारी यूनियन के जिला प्रधान अजय श्योराण व सचिव नरेन्द्र ने फरीदाबाद अग्निकांड में जान गंवाने वाले जांबाज दमकल कर्मियों को शहीद का दर्जा देने, पीड़ित परिवारों को एक एक करोड़ रुपये की सम्मान राशि और परिवार के सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग उठाई। उन्होंने कच्चे कर्मचारियों को जॉब सिक्योरिटी एक्ट 2024 के दायरे में लाकर 58 वर्ष तक नौकरी की गारंटी, पुलिस की तर्ज पर 5000 रुपये मासिक जोखिम भत्ता और 7500 रुपये वर्दी भत्ता लागू करने, लंबित एरियर का भुगतान और समान काम समान वेतन की नीति तुरंत प्रभावी करने की मांग की।

## फसल खरीद की नई प्रणाली रद्द कर पुरानी प्रणाली लागू करने की मांग



तोशाम। इंडियन नेशनल लोकदल के विभिन्न नेताओं तथा कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को तोशाम अनाज मंडी में पहुंचकर किसानों की समस्याओं को जाना और किसानों को फसल बिक्री के दौरान आने वाली बायोमेट्रिक आदि विभिन्न समस्याओं का समाधान करने के लिए सरकार से मांग की। इस दौरान पहुंचे इनेलो के वरिष्ठ नेता सुनील लांबा, अशोक ढाणी माहू तथा किसान सेल के जिला अध्यक्ष अजीत बडेसरा ने कहा कि इंडियन नेशनल लोकदल पार्टी चौधरी देवीलाल की विचारधारा है, इनेलो गरीब तथा किसानों के लिए सदैव तत्पर रही है। इसी कड़ी में किसान की सुविधा हेतु तथा किसान को आने वाली परेशानियों के तहत आवाज उठाने के लिए विभिन्न अनाज मंडीयों में इंडियन नेशनल लोकदल द्वारा किसान कष्ट निवारण केंद्र स्थापित किए गए हैं। शुक्रवार को तोशाम अनाज मंडी में इनेलो नेताओं तथा कार्यकर्ताओं ने एकत्रित होकर किसानों को बायोमेट्रिक प्रणाली, ट्रैक्टर ट्राली गेट पास प्रणाली से होने वाली समस्या के बारे आवाज उठाई। इनेलो नेता सुनील लांबा का कहना था कि बायोमेट्रिक प्रणाली गरीब तथा किसान के लिए आगामी समय में घातक सिद्ध होगी। इस दौरान उन्होंने सरकार से मांग की की सरकार द्वारा किसान की फसल खरीद के लिए लागू की गई सभी नई प्रणालियों को वापिस लिया जाए पहले की तरह किसान की मंडीयों में फसल बिक्री होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि किसानों के समर्थन में आगामी 13 अप्रैल को इंडियन नेशनल लोकदल के चौधरी अभय सिंह चौटाला व इनेलो के वरिष्ठ नेता रामपाल माजरा भिवानी की अनाज मंडी में पहुंचेंगे। इस मौके पर किसान सेल के भिवानी जिला अध्यक्ष अजीत बडेसरा, तोशाम हल्का अध्यक्ष अनिल बागनवाला, एससी सेल के अध्यक्ष विक्रम अलखपुरा, किसान सेल के उपाध्यक्ष रतिराम अलखपुरा, प्रताप दूहन, बिजेंद्र दूहन, संदीप पंघाल, राहुल उर्फ सयाणा भांजा बागनवाला, युवा प्रधान सोनू दूहन, मुकेश महतानी आदि सहित अनेक इनेलो कार्यकर्ता मौजूद थे।



## बायोमेट्रिक के विरोध में तोशाम के किसान संगठनों ने मंडी सचिव को सौंपा ज्ञापन

तोशाम। किसानों की समस्याओं को लेकर और बायोमेट्रिक के विरोध में विभिन्न किसान संगठन शुक्रवार सुबह भारतीय किसान यूनियन के तोशाम ब्लॉक प्रधान मुकेश नंबरदार के नेतृत्व में तोशाम अनाज मंडी में एकत्रित हुए। इस दौरान उन्होंने मंडी सचिव सुदेश शयोराण से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। इस दौरान भारतीय किसान यूनियन के तोशाम ब्लॉक प्रधान मुकेश नंबरदार ने कहा कि किसानों को फसल बेचने संबंधित विभिन्न समस्याएं आ रही हैं वहीं पर फसल बेचने की प्रक्रिया में लागू की गई बायोमेट्रिक प्रणाली भी किसानों के लिए बड़ी बाधा बनी हुई है। जिसके चलते किसानों की समस्याओं को लेकर विभिन्न किसान संगठन तोशाम की अनाज मंडी में एकत्रित हुए। उनका कहना था कि किसानों की समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान किया जाए और किसानों की फसल बिक्री की प्रक्रिया सुगम एवं सरल की जाए। जिससे किसान को किसी भी तरह की कोई परेशानी ना हो। उन्होंने कहा कि सरकार की नई खरीद प्रणाली के कारण किसानों को कई प्रकार की समस्याओं का सामान करना पड़ रहा है। इस दौरान उन्होंने अपनी मांगों को लेकर मंडी सचिव सुदेश कुमारी को एक ज्ञापन भी दिया।

### इस मौके पर ये रहे मौजूद

इस मौके पर भाकियू के तोशाम हल्का प्रधान मुकेश पंघाल नंबरदार, भारतीय किसान यूनियन कांग्रेस नेता अशोक मलिक, अनिल बागनवाला, भारतीय किसान यूनियन के जिला प्रधान योगी केदारनाथ महाराज, संदीप पंघाल, अमित कुडल, सुशील पहिवाल, महेंद्र कटारिया, रोहतास कामरेड, ईश्वर श्योराण, दयानंद झावरी, राजकुमार पंघाल आदि सहित अनेक किसान नेता तथा किसान मौजूद थे।

**खबर संक्षेप**

### सांस्कृतिक मंच का कथक नृत्य कार्यक्रम 26 को

भिवानी। सांस्कृतिक मंच आगामी 26 अप्रैल को कथक नृत्य का आयोजन करने जा रहा है। हरियाणा कला परिषद के सहयोग से किए जा रहे कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय नृत्यगुरु विश्वदीप शर्मा और प्रयागराज से हिमानी रावत पधार रहे हैं। संयोजिका अनीतानाथ व महासचिव रणविजय सिंह ने बताया कि कार्यक्रम में अतिथि के रूप में डॉक्टर कुलदीप सूद, अग्रवाल वैश्य समाज के प्रदेश अध्यक्ष बुवानीवाला उपस्थित होंगे।

### स्टेशन पर संदिग्ध अवस्था में मिला युवक का शव

लोहारू। बीती देर रात स्थानीय रेलवे प्लेटफार्म पर बिहार राज्य के युवक का शव संदिग्ध अवस्था में मिला है तथा जीआरपी ने सूचना के बाद शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए लोहारू के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया। मृतक युवक की पहचान बिहार राज्य के मोतिहारी जिला निवासी संतोष के रूप में हुई है। सूचना मिलने पर शुक्रवार को मृतक युवक संतोष कुमार के जीजा ऋषि देव मौके पर पहुंचे। पुलिस ने ऋषि देव के बयानों के आधार पर कानूनी कार्रवाई करते हुए मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराके शव परिजन के हवाले कर दिया।

# चार दुकानदारों के काटे चालान

■ प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक व पॉलिथीन के खिलाफ चलाया जा रहा है चालान काटने का अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

डीसी साहिल गुप्ता के निर्देशानुसार पर्यावरण प्रदूषण पर नियंत्रण को लेकर शहर में प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक सामग्री एवं पॉलीथिन के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड व नगर परिषद की टीम ने जेईई चंचल के नेतृत्व में अनाज मंडी क्षेत्र में छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान यहां आसपास प्रतिबंधित प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक सामग्री एवं पॉलीथिन का उपयोग करने वाले चार दुकानदारों के चालान काट कर उन पर 12500 रुपए जुर्माना लगाया गया।

पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी शैलेंद्र अरोड़ा ने बताया कि शहर के प्रमुख स्थानों पर जागरूकता बैनर भी लगाए गए हैं, जिनके माध्यम से सिंगल यूज प्लास्टिक के हानिकारक प्रभावों के बारे में आम जनता को जानकारी दी जा रही है। उन्होंने बताया कि सिंगल यूज़ प्लास्टिक सामग्री एवं पॉलीथिन का उपयोग पर्यावरण के लिए खतरा है। प्रदूषित पर्यावरण से हमारे स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। उन्होंने अभियान के दौरान दुकानदारों से अपील की है कि प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक और पॉलीथिन का प्रयोग ना करें।

### कर्मचारी के साथ अभद्र व्यवहार करने का आरोप

लोहारू। ढिगावा के जनस्वास्थ्य विभाग के बूस्टर पर तैनात कर्मचारी सुनील के साथ एक व्यक्ति द्वारा अभद्र व्यवहार किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। उक्त मामले में कार्रवाई के लिए विभाग के स्थानीय एसडीओ ने पुलिस थाने में शिकायत दी है। उक्त मामले में कार्रवाई को लेकर शुक्रवार को यूनियन के पदाधिकारियों और सदस्यों ने थाना प्रभारी से मुलाकात की और कार्रवाई की मांग की। शिकायत में बताया कि ढिगावा पीएचसी बूस्टर पर कर्मचारी सुनील कुमार तैनात था। आरोप है कि एक व्यक्ति बूस्टर के अंदर घुस गया और कर्मचारी के साथ गाली गलौच करने लगा। इस दौरान कर्मचारी के साथ मारपीट की गई और धमकी भी दी गई।

### धर्मेंद्र यादव मुरलीपुर ने अपनी टीम के साथ भारतीय सेना के जवानों का किया मनोरंजन



भिवानी। पंजाब के अबोहर में भारतीय सेना की 15 राजपूताना राइफल के स्थापना दिवस पर गोल्डन जुबली कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में म्हारी संस्कृति म्हारा स्वाभिमान संगठन की तरफ से लोक गायक धर्मेंद्र यादव मुरलीपुर ने अपनी टीम सदस्य रघुबीर झाडोदा, रामफल मालदा, पवन सतनाली, मुकेश हवलदार जड़वा, कमल महेंद्रगढ़, सज्जन गुडाह के साथ अपनी मधुर रागनियों से भारतीय सेना के जवानों का मनोरंजन किया। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष हनुमान कौशिक ने धर्मेंद्र यादव व उनकी टीम का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि वे हरियाणवी संस्कृति को बढ़ावा देने तथा युवाओं को हमारी संस्कृति से अवगत करवाने के लिए इस प्रकार के कार्यक्रमों में बढ़चढ़ कर भाग ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि जो जवान दिन रात हमारी रक्षा के लिए सीमा पर तैनात रहते हैं, उनका मनोरंजन करवाना भी जरूरी है, जिससे उनका जोश दोगुना हो सके।

### साध्वी विभानंद सरस्वती ने प्रवचनों से किया निहाल

# श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

छोटी काशी के नाम से विख्यात भिवानी शहर इन दिनों पूरी तरह अध्यात्म और भक्ति के सागर में डूबा हुआ है। स्थानीय हनुमान जोहड़ी मंदिर परिसर में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के 5वें दिन श्रद्धा और उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला।

कथा के केंद्र में रहे भगवान श्रीकृष्ण के प्राकट्य उत्सव ने पूरे वातावरण को कृष्णमय बना दिया। यह आयोजन ना केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक बना, बल्कि सामाजिक समरसता और गोसेवा के संकल्प का भी माध्यम सिद्ध हो रहा है। व्यासपीठ पर विराजमान कथावाचिका साध्वी विभानंद सरस्वती ने भगवान श्रीकृष्ण के जन्म प्रसंग का सजीव वर्णन किया। उन्होंने बताया कि जब-जब धरती पर अधर्म और अत्याचार बढ़ता है, तब-तब भगवान अवतार लेकर भक्तों का कल्याण करते हैं। जैसे ही कथा में श्रीकृष्ण जन्म का प्रसंग आया, पूरा पाण्डाल नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की के जयकारों से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने भजनों की मधुर धुनों पर भावविभोर होकर नृत्य किया। बालयोगी महंत चरणदास महाराज ने कहा कि यह भव्य कथा अढ़ाई कोसी नगर परिक्रमा के सफलतापूर्वक 12 महीने पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित की गई है। इस परिक्रमा ने भिवानी के भक्तों को एकता के सूत्र में पिरोने का कार्य किया है। महंत चरणदास ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य धार्मिक कर्मकांड नहीं, बल्कि सामूहिक भक्ति के माध्यम से समाज से बुराइयों को दूर करना, जन-जन को गो-माता की सेवा के प्रति जागरूक करना







# धुरंधर 2 हिंदी वर्जन में 1000 करोड़ कमाने वाली पहली बॉलीवुड फिल्म बनी

**मुंबई।** इन दिनों 'धुरंधर 2' बॉक्स ऑफिस पर जमकर कलेक्शन कर रही है। हाल ही में फिल्म ने अपने नाम नया रिकॉर्ड दर्ज किया है। हिंदी वर्जन ने 1000 करोड़ क्लब में एंट्री ली है। साथ ही वर्ल्डवाइड भी यह फिल्म छप्परफाड़ कमाई कर रही है। ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श ने शुक्रवार को इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट के जरिए इस बात की पुष्टि की। रिलीज के 22वें दिन यह रिकॉर्ड फिल्म 'धुरंधर 2' ने अपने नाम किया है। इस फिल्म के हिंदी वर्जन ने गुरुवार को 1009 करोड़ रुपए का कुल कलेक्शन कर लिया है। फिल्म धुरंधर 2 ने तमिल और तेलुगु वर्जन को मिलाकर भी 1,050.51 करोड़ रुपए कमाए लिए हैं। 23वें दिन की बात करें तो 'धुरंधर 2' ने 2.09 करोड़ रुपए की कमाई अब तक की है। यह फिल्म का शुरुआती कलेक्शन हैं। वहीं, 23वें दिन तमिल वर्जन ने 3 लाख रुपए और तेलुगु वर्जन ने 4 लाख रुपए अपने खाते में जमा किए हैं।


लाइफ Style

# सुनंदा जिंदादिली के लिए हैं मशहूर

सुनंदा शर्मा आजकल सोशल मीडिया पर छाई हुई हैं जिसकी वजह कोई नया गाना नहीं, बल्कि उनके वो देसी और मजेदार वीडियो हैं जो इंटरनेट पर आग की तरह फैल रहे हैं। अक्सर हम स्टार्स को बड़ी गाड़ियों और प्राइवेट जेट्स में देखते हैं, लेकिन सुनंदा को कभी बस में यात्रियों को गुदगुदाते तो कभी ऑटो की अगली सीट पर बैठकर मजे लेते देखकर फैंस उनके दीवाने हो गए हैं।

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

सुनंदा शर्मा के शेयर किए वीडियोज में एक गजब का 'बेबाक'अंदाज है, जो दिखाता है कि एक बड़ी सेलिब्रिटी होने के बावजूद वह दिल से बिल्कुल जमीन से जुड़ी हुई हैं। सुनंदा शर्मा वायरल वीडियो में बस में मास्क लगाकर बैठी दिख रही हैं और फिर अचानक दाल-मखनी और मिस्सी रोटी की बातें छेड़ देती हैं और फिर खुद ही यह कहकर हंस पड़ती हैं कि जहाज के सफर करके हम पागल हो गए हैं। वे अपनी ट्रिप का लुत्फ किसी वीआईपी ट्रीटमेंट की तरह नहीं, बल्कि एक आम इंसान की तरह उठाती हैं। जब वह ऑटो में ड्राइवर के पास वाली सीट पर बैठकर अपने शो के लिए निकलीं, तो उन्होंने फैंस से अपनी लोकेशन बूझने को कहा। लोगों ने तुरंत पहचान लिया कि वह शाहजहांपुर में थीं और कई फैंस को इस बात का मलाल भी रहा कि वे अपनी पसंदीदा सिंगर से मिल नहीं पाए। उनका एक रेस्टोरेंट का वीडियो भी खूब वायरल हुआ, जिसमें वह पहले तो बड़ी गंभीरता से 'सिविक सेंस'और पब्लिक मैनर्स पर लेक्चर देने लगती हैं, लेकिन कुछ ही पलों में अपनी ही हंसी नहीं रोक पातीं। उनका अचानक से हंस पड़ना और अपनी टीम के साथ मस्ती करना, लोगों को बहुत पसंद आ रहा है क्योंकि इसमें कोई बनावटीपन नहीं दिखता। सुनंदा शर्मा अपनी ट्रिप के अलग-अलग वीडियो भी शेयर करती रहती हैं।



## हॉलीवुड मसाला



# टेलर -ट्रैविस ने शुरू की शादी की तैयारी

**लॉस एंजिल्स।** पॉप स्टार टेलर स्विफ्ट और एनएफएल स्टार ट्रैविस केल्स की शादी से जुड़ी सभी जानकारी सामने आ गई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, पॉप स्टार टेलर स्विफ्ट और एनएफएल स्टार ट्रैविस केल्स ने अपनी शादी की तैयारी शुरू कर दी है और अपने करीबी दोस्तों और परिवार वालों को 'सेव द डेट' इनविटेशन भी भेज दिए हैं। खास बात ये है कि प्राइवेसी बनाए रखने के लिए मेहमानों से पहले ही एनडीए यानि नॉन-डिस्क्लोजर एग्रीमेंट साइन करवाया जा रहा है, ताकि शादी की कोई भी डिटेल बाहर न आए। पहले 13 जून को शादी की तारीख माना जा रहा था, लेकिन अब नई रिपोर्ट्स के अनुसार कपल 3 जुलाई को शादी कर सकता है। हालांकि, वेन्यू अभी तक सीक्रेट रखा गया है, लेकिन कहा जा रहा है कि शादी न्यू यॉर्क में हो सकती है।



# एक्टिंग छोड़ने वाली थीं सीरीज यू ने बदल दिया फैसला

**लॉस एंजिल्स।** जेना ओर्टेगा ने अपने अभिनय से दर्शकों का जीता था, सीरीज वेडनेस में उनके काम को खूब सराहा गया। इसके बाद भी इस एक्ट्रेस को लगा कि एक्टिंग को अलविदा कह देना चाहिए। दरअसल, ऐसा फैसला वह सोच-समझ कर ले रही थीं फिर जेना ने अपना फैसला बदल दिया। इसकी वजह उनका अगला प्रोजेक्ट 'यू' रहा। जेना ओर्टेगा ने बताया कि टीनएजर में आने उन्हें लगा कि वह एक्टिंग की दुनिया में अपना भविष्य नहीं देख पा रही हैं। जेना कहती हैं, 'मुझे नहीं पता था कि मैं और क्या करूंगी।' वह बताती हैं कि कास्टिंग डायरेक्टर्स के सामने बार-बार अपनी एक्टिंग की रेंज साबित करनी पड़ी, जिसकी वजह से उन्होंने एक्टिंग पूरी तरह से छोड़ने के बारे में सोचना शुरू कर दिया था। जेना ने आगे कहा, 'मुझे लगा कि अगर एक्टिंग छोड़नी ही है, तो यही सही समय है।' जेना ओर्टेगा के कॅरियर में टर्निंग पॉइंट साल 2019 में आया। जेना को सीरीज 'यू' के दूसरे सीजन में एली एल्व्स के रोल के लिए कास्ट किया गया। यह किरदार उनके कॅरियर को ऊंचाइयों पर ले गया। जेना के अभिनय को दर्शकों ने भी खूब पसंद किया। वह कहती हैं, 'मुझे यह सीरीज बहुत पसंद आई। मैंने इसकी शूटिंग पर बहुत अच्छा समय बिताया।




# दादी की शादी का पोस्टर रिलीज रिद्धिमा के साथ नजर आएंगी नीतू

**मुंबई।** कपिल शर्मा की नई फिल्म 'दादी की शादी' का पहला लुक सामने आ चुका है। इसमें नीतू कपूर और कपिल शर्मा सहित कई सितारे नजर आएंगे। इस फिल्म में नीतू अपनी बेटी रिद्धिमा कपूर साहनी के साथ किसी फिल्म में पहली बार नजर आएंगी। इस फिल्म का निर्देशन आशीष आर मोहन ने किया है। निर्माताओं ने आज 'दादी की शादी' का पहला पोस्टर लुक शेयर किया है। इसके साथ निर्माताओं ने कैप्शन में लिखा, 'दादी इंटरनेट पर धूम मचा रही हैं और सारे नियम तोड़ रही हैं। क्या परिवार उनके साथ है या उनके खिलाफ? दादी की शादी में, जनरेशन डी से जनरेशन जेड तक सभी आमंत्रित हैं।' दादी की शादी में कपिल शर्मा, नीतू कपूर, रिद्धिमा कपूर साहनी, दक्षिण के सुपरस्टार सरथ कुमार, निखत हेगड़े, तेजस्विनी कोल्हापुरे और सादिया खतीब सहित कई सहायक कलाकार हैं।



# भाईजान की अगली फिल्म में हुई राजपाल की एंट्री

**मुंबई।** अभिनेता राजपाल यादव बीते दिनों काफी मुश्किलों में रहे। मगर, अब उनकी किस्मत ने पलटी ले ली है। सलमान खान ने उन्हें अपनी फिल्म में साइन किया है और इसमें एक्टर-कॉमेडियन का किरदार बहुत अहम बताया जा रहा है। सलमान खान इन दिनों अपनी वॉर ड्रामा फिल्म 'मातृभूमि' को लेकर सुर्खियों में हैं। इस फिल्म के बाद वे निर्माता दिल राजू और निर्देशक वामशी पेडिपल्ली के साथ एक्शन फिल्म में काम करेंगे। फिल्म का नाम फिलहाल तय नहीं है। इसमें सलमान के साथ नयनतारा नजर आएंगी। वहीं, फिल्म की कास्ट में एक नए नाम के जुड़ने की अटकलें भी हैं। राजपाल यादव को फिल्म में लिया गया है। एक रिपोर्ट के अनुसार, सलमान खान ने कथित तौर पर राजपाल यादव को अपनी अगली एक्शन एंटरटेनर फिल्म में एक अहम किरदार निभाने के लिए साइन किया है।

## टीवी मसाला



# बबीता जी और चंपकलाल से अधिक भिड़े की नेट वर्थ, जेठालाल छुपे रुस्तम

**नई दिल्ली।** 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' सबसे फेमस टेलीविजन शो में से एक रहा है। शो के किरदारों ने दर्शकों के दिलों में एक खास जगह बना ली है। इन कलाकारों ने वर्षों से अपार प्यार पाया है और साथ ही अच्छी खासी संपत्ति भी बना ली है। 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' की अपार लोकप्रियता के पीछे दिलीप जोशी का अहम योगदान रहा है। जेठालाल गड़ा के किरदार में उन्होंने अपने बेमिसाल ह्यूमर से दर्शकों के दिलों में जगह बनाई है। उन्होंने लगभग 47 करोड़ रुपए की कुल संपत्ति के साथ भारत के सबसे अमीर एक्टर्स में से एक के रूप में अपनी पहचान बनाई है। अमित भट्ट ने शो की शुरुआत के कुछ ही समय बाद चंपकलाल गड़ा की भूमिका निभाकर शो में एंट्री की। वे एक ऐसे पिता हैं जिन्हें सभी किरदार और दर्शक भी प्यार करते हैं। उनकी लगभग 16.4 करोड़ रुपए की कुल नेट वर्थ है। टेलीविजन सीरियल में बबीता का किरदार निभाने वाली एक्ट्रेस मुनमुन दत्ता अपनी एक्टिंग के लिए मशहूर हैं। वह हमेशा से ही इस सीरियल का एक जाना-पहचाना चेहरा रही हैं। अब तक वह अपने करियर में काफी सफल रही हैं और उनकी कुल नेट वर्थ लगभग 40 करोड़ रुपए बताई जाती है। सोनालिका जोशी शो में माधवी भिड़ें के रोल में हैं और हमेशा से इससे जुड़ी रही हैं। उन्होंने अपने बिजनेस को भी बखूबी संभाला है। शो में अपने रोल के कारण वह घर-घर में जानी-मानी हस्ती बन चुकी हैं।

## सुदेश की पत्नी ने बेटा-बहू के सामने दौड़ाकर पीटा!

**नई दिल्ली।** भारत की पसंदीदा रसोई को इस हफ्ते 'लाफ्टर शेफ्स अनलिमिटेड एंटरटेनमेंट' के बैसाखी उत्सव के साथ पूरी तरह से पंजाबी रंग में रंग दिया गया है। उत्सव की शुरुआत ढोलक की थाप से होती है, जो माहौल को जोश से भर देती है। इसके बाद कलाकार पंजाबी बोलियों के दौर में उतरते हैं, जो सबसे ज्यादा मजेदार है। हंसी-मजाक से शुरू होकर, हर कोई एक-दूसरे को नीचा दिखाने की कोशिश करता है, और हर कुछ सेकंड में पूरा कमरा हंसी से गूंज उठता है। वहीं, कश्मीरा के साथ राजपाल यादव का डांस देख लोग अलग मजे ले रहे हैं। और जब सुदेश निया शर्मा के साथ फ्लर्ट करते हैं, तभी सुदेश लहरी की पत्नी बिल्लो जी अपने परिवार के साथ 'आज ना छोड़ूंगी तुझे' गाने की धुन पर आती हैं, जिससे पहले से ही शोरगुल से किचन भर जाता है। खाना पकाने का सेगमेंट मस्ती को एक मजेदार मोड़ के साथ खत्म होता है, जिसमें एक्टर्स गुड़ पारे को पतंग की तरह आकार देने की कोशिश करते हैं - यह चुनौती देखने में जितनी आसान लगती है, उससे कहीं ज्यादा कठिन साबित होती है। सुदेश लहरी कहते हैं, 'बैसाखी हमेशा से मेरे दिल के बहुत करीब रही है।



# एक्शन और प्यार का कॉम्बो है मृणाल-अदिवि की डकैत

**मुंबई।** इन दिनों सिनेमाघरों में फिल्म 'धुरंधर 2' का कब्जा है। 19 मार्च को रिलीज हुई इस फिल्म ने कमाई के मामले में कई बड़े रिकॉर्ड ध्वस्त कर डाले। कई फिल्मों को धूल चटा दी। अब तक इसके आसपास कोई फिल्म फटक तक नहीं पा रही थी। हालांकि, शुक्रवार 10 अप्रैल को 'डकैत' ने दस्तक दी है। फिल्म 'डकैत' में अदिवि शेष और मृणाल ठाकुर लीड रोल में हैं। इस फिल्म में एक्शन है भी है और इमोशंस भी। 'डकैतः एक प्रेम कहानी' एक्शन-थ्रिलर फिल्म है। इसमें हरि (आदिवी शेष) की कहानी दिखाई गई है, जिसे अपनी पूर्व प्रेमिका सरस्वती (मृणाल ठाकुर) के कारण गलत तरीके से जेल में डाल दिया जाता है। फिर वह जेल से भागकर एक डकैती की योजना बनाता है। मदनपल्ले क्षेत्र में फिल्माई गई यह फिल्म प्रतिशोध, जातिगत राजनीति और जबरन विश्वासघात से संबंधित है।



### शनेल देव ने किया है निर्देशन

फिल्म डकैत का निर्देशन शनेल देव ने किया है। इस फिल्म में आदिवी शेष, मृणाल ठाकुर और अनुराग कश्यप मुख्य भूमिका में हैं। इनके अलावा फिल्म में जैन मैरी खान, कामाक्षी भास्करला, प्रकाश राज, साउथ एक्टर सुनील और अतुल कुलकर्णी सहायक भूमिकाओं में हैं। 'डकैत' कलाकारों की भूमिकाएं- मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, मृणाल ठाकुर ने फिल्म 'डकैतः ए लव स्टोरी' में अपने रोल के लिए 2.5 करोड़ रुपए लिए हैं। इस जबरदस्त एक्शन फिल्म में मुख्य भूमिका निभा रहे आदिवी शेष ने 3 करोड़ से 7 करोड़ रुपए के बीच फीस ली है। फिल्म का कुल अनुमानित बजट 80 करोड़ से 100 करोड़ रुपए के बीच है।

# अनंत को सलमान-शाहरुख ने पलकों पर बिठाया

**मुंबई।** मुकेश अंबानी और नीता अंबानी के सबसे छोटे बेटे अनंत अंबानी ने 10 अप्रैल को जामनगर में भव्य समारोह आयोजित करके अपना 31वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया। आधी रात होते ही फिल्म जगत से अरबपति अंबानी को ढेरों शुभकामनाओं का तांता लग गया, जिनमें बॉलीवुड के सुपरस्टार सलमान खान और शाहरुख खान सबसे आगे रहे और उन्होंने बर्थडे बॉय को प्यार और शुभकामनाओं से सराबोर कर दिया। सलमान खान ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर अनंत के साथ कुछ प्यारी और खुशनुमा तस्वीरें शेयर करते हुए उन्हें अपना छोटा भाई बताया। एक तस्वीर में सलमान अनंत को प्यार से गले लगाते हुए नजर आ रहे हैं। सलमान ने काले रंग की शर्ट और जींस पहनी हुई है। वे अनंत को गले लगाने के लिए झुके हुए हैं, जबकि अनंत आंखें बंद करके मुस्कुरा रहे हैं। तस्वीरें पोस्ट करते हुए सलमान ने लिखा, 'सबसे निस्वार्थ, दयालु इंसान और कई लोगों के लिए प्रेरणास्रोत... मेरे छोटे भाई अनंत को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं।' सलमान ने कुछ और फोटोज भी पोस्ट कीं, जिसमें वो अनंत के कंधे पर चढ़े हुए थे और दोनों मुस्कुरा रहे थे। फोटो के साथ सलमान ने कैप्शन में लिखा, 'ये बात सुनो अगर याददाश्त कमजोर हो तो लिख लो... ये आदमी देश को भी उठाएगा... मेरे छोटे भाई अनंत जिंदाबाद... दिल और दिमाग का अंबानी, अनंत अंबानी।'



### अपने काम से लोगों के चेहरे पर लाते रहें मुस्कान

शाहरुख खान ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर अनंत को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए लिखा, 'अनंत अंबानी को जन्मदिन की बहुत-बहुत शुभकामनाएं आप इसी तरह अच्छे काम करते रहें और सकारात्मकता और सच्चाई को कायम रखें। अपना अच्छा काम जारी रखें और अपने काम से लोगों के चेहरे पर मुस्कान लाते रहें। ईश्वर आपको हमेशा अच्छे स्वास्थ्य और खुशियों से नवाजे।' रणवीर सिंह ने भी अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर अनंत को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। रणवीर ने अनंत के साथ एक मजेदार तस्वीर पोस्ट की और लिखा, 'जन्मदिन मुबारक हो भाई (किस इमोजी)।' एक्टर संजय दत्त ने भी अनंत के साथ एक तस्वीर शेयर करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। उन्होंने लिखा, 'अनंत मेरे भाई, तुम सबसे दयालु और प्यारे भाई हो जो किसी को भी मिल सकते हैं। मैं महादेव से प्रार्थना करता हूं कि तुम स्वस्थ रहो और अपने सभी कामों में सफल हो। हमेशा खुश रहो और मेरे लिए हमेशा की तरह प्यारे भाई बने रहो। जन्मदिन मुबारक हो, भगवान तुम्हें आशीर्वाद दें! हर हर महादेव।'

## रिलीज हो रहीं एक्शन और थ्रिलर से भरपूर फिल्में-सीरीज

# इस वीकएंड ओटीटी पर होगी मनोरंजन की बरसात

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

सिनेमाघरों में धुरंधर 2 सजी हुई है। यह फिल्म शानदार प्रदर्शन कर रही है। 10 अप्रैल को अदिवि शेष और मृणाल ठाकुर की फिल्म डकैत ने भी दस्तक दे दी है। थिएटर्स जाने के लिए ये दोनों फिल्में ही पर्याप्त बहाना है। मगर, वीकएंड पर अगर बदलते मौसम को देखते हुए या अन्य वजह से घर से निकलने का मन नहीं है और घर पर ही कुछ बढ़िया देखना है, तो ओटीटी पर भी कई विकल्प हैं।

### ओ'रोमियो

शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी अभिनीत फिल्म 'ओ रोमियो' सिनेमाघरों के बाद आखिर ओटीटी पर भी आ गई है। यह फिल्म आज शुक्रवार 10 अप्रैल को प्राइम वीडियो पर रिलीज हो गई है। विशाल भारद्वाज निर्देशित यह फिल्म सच्ची घटनाओं से इंस्पायर एक रिवेंज ड्रामा है। इसमें नाना पाटेकर, अविनाश तिवारी, दिशा पटानी, रणदीप हुड्डा, फरीदा जलाल और विक्रांत मैसी जैसे कलाकार भी हैं।



### थाई किझावी

यह एक तमिल ड्रामा है। इसमें राधिका सरतकुमार ने 70 साल की एक गुस्सैल साहूकार का रोल किया है। शिवकुमार मुरुगेसन ने इस फिल्म का निर्देशन किया है। 'थाई किझावी' ने 150 करोड़ रुपए का कलेक्शन जुटाया था। अब यह फिल्म ओटीटी पर आ गई है। शुक्रवार 10 अप्रैल से यह जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम गई है।

### तू या मैं

यह फिल्म भी ओटीटी पर दस्तक दे चुकी है। इस वीकएंड इस फिल्म का लुत्फ उठा सकते हैं। इसका निर्देशन बिजॉय नांबियार ने किया है। 'तू या मैं' एक सर्वाइवल थ्रिलर फिल्म है, जिसमें शनाया कपूर और आदर्श गौरव लीड रोल में हैं। यह फिल्म थाई मूवी 'द पूल' का आधिकारिक रीमेक है। यह 10 अप्रैल से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो गई है।

### थ्रैश

यह एक शार्क सर्वाइवल थ्रिलर फिल्म है, जो 10 अप्रैल को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई है। वीकएंड पर इसे देख सकते हैं। इसमें एक शहर में भयानक समुद्री तूफान आता है और साथ ही खतरनाक शार्क हमला शुरू कर देती हैं। लोग अपने बचाव के लिए संघर्ष करते हैं।

### द बॉयज सीजन 5

यह एक सुपरहीरो सीरीज है, जिसका आखिरी सीजन शुरू हो रहा है। 'होमलैंडर' और 'बुचर' के बीच की आखिरी जंग देखने के लिए बेताब फैंस का इंतजार आखिर इस वीक पूरा होगा। यह सीरीज 8 अप्रैल से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हो रही है।

### बिग मिस्टेक्स

डैन लेवी के इस शो में आपको कॉमेडी और थ्रिलर दोनों का डोज मिलेगा। कहानी दो भाई-बहनों की है, जो अनजाने में खुद को संगठित अपराध की दुनिया में फंसा हुआ पाते हैं। यह शो 09 अप्रैल 2026 से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रहा है।

### यूफोरिया' सीजन 3

हॉलीवुड की चर्चित सीरीज 'यूरोफिया' अपने नए सीजन के साथ वापसी कर रही है। यह करीब चार साल के इंतजार के बाद आ रही है। सस्पेंस, थ्रिल और एक्शन से भरपूर सीरीज में हॉलीवुड एक्ट्रेस जेंडाया लीड रोल में हैं। साथ ही एरिक डेन, त्रिशा पेटस, जैकब एलोर्डी, नताशा लियोन, एली रोथ और क्वामे पैटरसन जैसे सितारे भी नजर आएंगे। यह सीरीज 12 अप्रैल से एचबीओ मैक्स पर स्ट्रीम होगी।

## खबर संक्षेप

### अफसर पोर्टल की लंबित शिकायतें तुरंत निपटाएं

**चरखी दादरी।** उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे सरकार द्वारा संचालित किए जा रहे सभी शिकायत पोर्टल पर लंबित शिकायतों का यथाशीघ्र उचित निपटारा सुनिश्चित करें। नागरिकों की समस्याओं को समयबद्ध तरीके से निपटाने एवं पारदर्शिता के उद्देश्य से यह पोर्टल विकसित किए गए हैं। डॉ. नागपाल ने बैठक के उपरांत संबंधित अधिकारियों के साथ सभी शिकायत पोर्टलों की शिकायतों के निपटारे की समीक्षा कर रहे थे।

### फसल अवशेष प्रबंधन के लिए किया जागरूक

**चरखी दादरी।** कृषि विभाग के अधिकारी तथा कर्मचारियों ने जिला चरखी दादरी के गांव लोहरवाड़ा, सांजरवास, समसपुर, अचिना इत्यादि में किसानों को फसल अवशेष नहीं जलाने के बारे में जागरूक किया। इस दौरान सहायक कृषि अभियंता मनीष कुमार तथा कृषि अधिकारी विवेक बागला ने बताया कि आजकल सरकार द्वारा खेतों पर सेटेलाइट के द्वारा निगरानी रखी जा रही है, यदि कोई भी किसान फसल अवशेष में आग लगाएगा तो उसकी सूचना लोकेशन सहित तुरंत कृषि विभाग के कार्यालय तथा संबंधित पुलिस स्टेशन में पहुंच जाएगी।

### लंबित शिकायतों का समाधान करें: डीसी

**भिवानी।** डीसी साहिल गुप्ता की अध्यक्षता में लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए सभागार में समाधान शिविरों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में डीसी ने विभिन्न विभागों की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को समस्याओं के समाधान करने में तेजी लाने और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को जिम्मेदारी के साथ समयबद्ध तरीके से लंबित शिकायतों के समाधान करने को कहा।

### होम्योपैथिक कैंप में 217 मरीजों की जांच

**भिवानी।** विश्व होम्योपैथिक दिवस पर शुक्रवार को आयुष विभाग के तत्वावधान में सेक्टर-13 सीनियर सिटीजन क्लब में कैंप लगाया, जिसमें 217 मरीजों की जांच कर होम्योपैथिक व आयुर्वेदिक दवाएं वितरित की गई। वहीं पंचकर्मा पद्धति व योगाभ्यास करवाए। सेक्टर-13 में होम्योपैथिक के संस्थापक सैमयुल हैनिमैन के 271वें जन्मदिन पर कैंप का आयोजन किया, जो हर वर्ष 10 अप्रैल को उनके जन्मदिन को विश्व होम्योपैथिक दिवस के रूप में मनाया जाता है।

### संपूर्णता अभियान 2.0 के लक्ष्यों को पूरा करें

**भिवानी।** नीति आयोग के अंतर्गत संचालित संपूर्णता अभियान 2.0 की विस्तृत समीक्षा बैठक खंड कार्यालय बहल में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बीडीपीओ अमित कुमार ने की, जिसमें विभिन्न संकेतको की प्रगति का मूल्यांकन किया गया। बैठक के दौरान आकांक्षी खंड कार्यक्रम फेलो नीरज बागड़ी ने बीडीपीओ एवं संबंधित अधिकारियों के साथ अभियान के सभी प्रमुख संकेतकों पर बिंदुवार समीक्षा प्रस्तुत की।

---

### नपा प्रधान बोले-जल्द लेंगे सुध, होगा नवीनीकरण

# तीन करोड़ खर्चने पर भी झील बनी डरावना जंगल

**प्रशासन देखरेख करने में पूरी तरह विफल रहा**

*शहरवासियों और श्रद्धालुओं का कहना है कि झील के आसपास अब घनी झाड़ियां, सरकंडे उग आए हैं, जिससे यह स्थान सुनसान और भयावह नजर आने लगा है। दिन के समय भी यहां जाने पर डर लगता है।*

दीपक कुमार डुमड़ा ▶▶| बवानीखेड़ा

बवानीखेड़ा में स्थित बाबा कमाल मंदिर के साथ लगती झील, जिस पर लगभग तीन करोड़ रुपये की लागत से सौंदर्यीकरण और विकास कार्य करवाए गए थे, आज बदहाली का शिकार होकर डरावना जंगल बन चुकी है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि लाखों-करोड़ों रुपये खर्च करने के बावजूद प्रशासन इस झील की देखरेख करने में पूरी तरह विफल रहा है। जिस झील को पर्यटन स्थल का दर्जा दिए जाने की बात कही जाती थी वहां के हालात देखने पश्चात लोग डरने लगे हैं। शहरवासियों और श्रद्धालुओं का कहना है कि झील के आसपास अब घनी झाड़ियां, सरकंडे उग आए हैं, जिससे यह स्थान सुनसान और भयावह नजर आने लगा है। दिन के समय भी यहां लोगों का आना-जाना कम हो गया है, जबकि शाम ढलते ही यह क्षेत्र पूरी तरह वीरान हो जाता है। स्थानीय निवासियों के अनुसार, पहले यह जगह परिवारों और श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र थी, लेकिन अब यहां जाना जोखिम भरा महसूस होता है। वहीं बताया जाता है कि इसके निर्माण कार्य में अनियमितताओं की शिकायत पर सीएम, विजिलेंस जांच भी चल रही है।



बवानीखेडा। बवानीखेड़ा में बाबा कमाल मंदिर के साथ लगती झील का डरावना दृश्य। *फोटो : हरिभूमि*

#### क्या कहते हैं नगर पालिका चेयरमैन

इस मामले में नगर पालिका चेयरमैन सुंदर अत्री ने कहा कि झील की वर्तमान स्थिति को लेकर उन्हें जानकारी है और जल्द ही इसकी सुध ली जाएगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि झील के आसपास की झाड़ियों को हटवाया जाएगा, नियमित सफाई करवाई जाएगी और आवश्यकतानुसार लाइटिंग व सुरक्षा के इंतजाम भी किए जाएंगे। ताकि लोग यहां पर घूमने आ-जा सकें।

#### झाड़ियों के कारण जहरीले जीवों का खतरा भी बढ़ा

लोगों ने बताया कि झील में गंदा पानी जमा हो गया है और नियमित सफाई का कोई इंतजाम नहीं है। सरकंड़ों के होने के कारण जीव जंतु के होने का खतरा मंडराता रहता है। झाड़ियों और कचरे के कारण सांप और अन्य जहरीले जीवों का खतरा भी बढ़ गया है। इस स्थान पर कुछ समय पहले एक व्यक्ति का शव भी मिला था और यहां पर युवा नशे में धुत अक्सर देखने को मिलते हैं। इसके अलावा, असामाजिक तत्वों के जमावड़े की आशंका भी बनी रहती है, जिससे महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है।

#### नागरिकों ने लगाया प्रशासन पर लापरवाही का आरोप

स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि इतनी बड़ी राशि खर्च करने के बाद भी अगर इस तरह की स्थिति बनी हुई है तो यह जनता के पैसे की बर्बादी है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि झील क्षेत्र की तुरंत सफाई करवाई जाए, झाड़ियों को हटाया जाए और यहां नियमित रखरखाव की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही, सुरक्षा के दृष्टिकोण से यहां लाइटिंग और चौकीदारी की भी व्यवस्था की जाए, ताकि लोग बिना डर के इस स्थान पर आ-जा सकें।

#### स्थानीय लोगों ने दिए आंदोलन के संकेत

शहरवासियों व आसपास लोगों का कहना है कि संबंधित प्रशासन को इस झील की सुध लेनी चाहिए। यदि जल्द ही इस ओर ध्यान नहीं दिया गया तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस गंभीर समस्या को कब तक नजरअंदाज करता है या फिर लोगों की मांगों को ध्यान में रखते हुए झील को दोबारा उसके पुराने स्वरूप में लाने के लिए ठोस कदम उठाता है।

---

## नवदुर्गा सेवा सहयोग संस्था के सदस्यों ने किया पौधरोपण



भिवानी। जन स्वास्थ्य विभाग परिसर में पौधे रोपित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

- पौधरोपण कार्यक्रम पर्यावरण संरक्षण का एक सशक्त संदेश बनकर उभरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

जब समाज सिर्फ जयंती मनाने तक सीमित रह जाता है, वहीं कुछ लोग उसे बदलाव का माध्यम बना देते हैं। ऐसा ही एक प्रेरणादायक उदाहरण नवदुर्गा सेवा सहयोग संस्था ने महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती पर प्रस्तुत किया, जहां शब्दों से नहीं बल्कि कर्मों से श्रद्धांजलि दी गई।

पांच दिवसीय कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत महम रोड स्थित जन स्वास्थ्य विभाग परिसर में आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम केवल औपचारिक आयोजन नहीं रहा, बल्कि यह पर्यावरण संरक्षण का एक सशक्त संदेश बनकर उभरा। संस्था के सदस्यों ने फलदार, छायादार और औषधीय पौधे लगाकर यह संकल्प लिया कि वे न केवल इन्हें रोपित करेंगे, बल्कि इनके संरक्षण की जिम्मेदारी भी निभाएंगे। इस अवसर पर संस्था के पर्यावरण रक्षक योगाचार्य जेई बिजेश जावला, पर्यावरण रक्षक अमित सैनी, संस्था के संस्थापक सुरेश सैनी व शंकर नर्सरी के संचालक चंद्र मोहन की विशेष उपस्थिति रही। सभी ने मिलकर पौधारोपण किया।

#### किया जाएगा जागरूक

संस्था के संस्थापक सुरेश सैनी ने बताया कि यह आयोजन महात्मा ज्योतिबा फुले के विचारों—समानता, शिक्षा और समाज सेवा—को धरातल पर उतारने का एक प्रयास है। आने वाले दिनों में रक्तदान शिविर, प्रतिभा सम्मान समारोह और जनजागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से समाज को जागरूक किया जाएगा। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने यह संकल्प लिया कि वे केवल आज ही नहीं, बल्कि निरंतर पर्यावरण संरक्षण के कार्यों में भाग लेंगे। यह आयोजन इस बात का प्रमाण बना कि अगर सोच सकारात्मक हो तो छोटे-छोटे प्रयास भी समाज में बड़ा परिवर्तन ला सकते हैं।

---

## एसडीएम ने जांची मंडी की व्यवस्थाएं

- एसडीएम ने अधिकारियों को दिए फसलों की खरीद के पुख्ता इंतजाम के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम

एसडीएम संदीप कुमार ने शुक्रवार को स्थानीय अनाज मण्डी और पटोदी खरीद केंद्र पर व्यवस्थाओं की जांच की। उन्होंने कहा कि तोशाम अनाज मंडी और पटौदी खरीद केंद्र पर किसानों और आढ़तियों बिजली, पानी की समस्या नहीं आने दी जाएगी।

एसडीएम ने अधिकारियों को फसलों की खरीद की के दौरान मूलभूत व्यवस्थाओं पुख्ता इंतजाम के निर्देश दिए। उन्होनें ने अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि किसानों और आढ़तियों को किसी प्रकार की समस्या नहीं आनी चाहिए। उन्होंने किसानों से कहा कि मंडी में ट्रैक्टर नंबर और गेटपास संबंधी कोई समस्या नहीं दी जाएगी। जिन किसानों के पास ट्रैक्टर-ट्रॉली अपने हैं तो ट्रैक्टर पर नंबर जरूर लिखवाएं। गेट पास ट्रैक्टर की फोटो वेबसाइट पर ऑन लॉइन प्लेट फार्म प्रणाली से अपलोड की जाएगी।



तोशाम। अनाजमंडी का निरीक्षण करते एसडीएम। *फोटो : हरिभूमि*

#### अब तक 50943 क्विंटल गेहूं आया

वहीं किसानो ने बातचीत करने पर एसडीएम संदीप कुमार को बताया कि खरीद कार्य के साथ-साथ उठान का कार्य भी सुचारू रूप से चल रहा है। मंडियों में खरीद कार्य निर्बाध रूप से चल रहा है। कृषि विपणन बोर्ड की सेक्रेटरी सुदेश श्योरान ने बताया कि तोशाम और पटोदी खरीद केंद्र पर सरकार द्वारा गेहूं और सरसों खरीद की जा रही है। अब तक दोनों मंडियों 50943 क्विंटल गेहूं आया है, जिसमे से 24299 क्विंटल सरकारी एजेंसियों द्वारा खरीद लिया गया है। जबकि सरसों 4434 क्विंटल पहुंची है ।

---

## गोवर्धन पर्वत की महिमा और परिक्रमा का महत्व बताया

- श्रीमद भागवत कथा का आयोजन, श्रद्धालु हुए भाव विभोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बवानीखेड़ा

बवानीखेड़ा बाबा कमाल मंदिर में आयोजित साप्ताहिक श्रीमद भागवत कथा के धार्मिक कार्यक्रम में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। इस कार्यक्रम में नपा अध्यक्ष सुंदर अत्री ने श्रद्धापूर्वक मत्था टेककर भगवान का आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना करते हुए सभी के मंगल की प्रार्थना की। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण रहे वृंदावन से पधारे प्रसिद्ध कथा वाचक राजकृष्ण शास्त्री जी, जिन्होंने अपने मुखारविंद से श्रीमद भागवत कथा का अमृतमय वर्णन किया। कथा के दौरान उन्होंने गोवर्धन पर्वत की महिमा और परिक्रमा के महत्व का विस्तार से वर्णन किया, जिसे सुनकर उपस्थित श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। कार्यक्रम के अंत में सभी श्रद्धालुओं ने कढ़ी-चावल के प्रसाद का ग्रहण किया। इस अवसर पर महेश कुमार, संजय कुमार, गजेंद्र कौशिक, नवीन अत्री, मुनीश कुमार , देवेंद्र कुमार, मुकेश कुमार गुप्ता, रंजीत भारद्वाज, मनीष शंकर आदि मौजूद रहे।



---



तोशाम। रेडनेस मेले में उपस्थित बच्चे। *फोटो : हरिभूमि*

#### खेल-खेल में दी जाती है शिक्षा : अनीता रानी

**तोशाम।** तोशाम क्षेत्र के गाँव इंदीवाली के प्ले स्कूल में रेडनेस मेला आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य 3 से 6 वर्ष तक के बच्चों के सर्वांगीण विकास पर ध्यान केंद्रित करना था। सुपरवाइजर नीलम के नेतृत्व में आयोजित इस मेले में बच्चों के शारीरिक, बौद्धिक, रचनात्मक, भाषा, सामाजिक एवं भावनात्मक विकास के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। अभिभावकों ने भी बच्चों की गतिविधियों में भाग लिया और उनका उत्साह बढ़ाया। आंगनवाड़ी वर्कर अनीता रानी ने अभिभावकों से आग्रह किया कि वे बच्चों को प्ले स्कूल में भेजें ताकि उनका भविष्य उज्ज्वल हो सके। प्ले स्कूल में बच्चों को पोषण के साथ-साथ खेल-खेल में शिक्षा दी जाती है । बच्चों को रंगों, आकारों और संख्याओं के बारे में सिखाया जाता है, जिससे उनकी बौद्धिक क्षमता विकसित हो। इस अवसर पर वर्कर निर्मला, सरीना व अनुराधा का विशेष योगदान रहा।

---

## व्याख्यान से छात्रों में आलोचनात्मक चिंतन होता है विकसित : दीपिका

- सीबीएलयू व पंजाब विवि के शोधार्थियों ने सांझा किए विचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

शोध छात्र, शोधार्थियों तथा स्नातकोत्तर विद्यार्थियों में संवाद बढ़ाने और पारस्परिक सीख को प्रोत्साहित करने और छात्रों की समाजशास्त्रीय समझ को सुदृढ़ करने के लिए चौधरी बंसीलाल विवि भिवानी के समाजशास्त्र एवं सामाजिक कार्य विभाग में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अंतर-संस्थागत अधिगम को बढ़ावा देने के लिए भी विचार किया गया। सीबीएलयू समाज शास्त्र एवं सामाजिक कार्य विभाग के अध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार तेओतिया की अध्यक्षता में संपन्न हुए इस कार्यक्रम में सीआरआरआईडी, पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ के शोधार्थी अमित कुमार जायसवाल ने शहरी नियोजन और शासन विषय पर व्याख्यान दिया। दीपिका ने समाजशास्त्र के प्रमुख सैद्धांतिक ढांचे विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया, जिसमें उन्होंने शास्त्रीय और समकालीन सिद्धांतों को वास्तविक सामाजिक समस्याओं से जोड़ते हुए विद्यार्थियों को समझाया। उनका सत्र अत्यंत संवादात्मक रहा, जिसने विद्यार्थियों में आलोचनात्मक चिंतन और सक्रिय सहभागिता को प्रोत्साहित किया।



---

## एसडीएम ने मौके पर जाकर दुरूस्त करवाया सीवर मेनहोल

- लोहारू के मुख्य बाजार में सीवरेज मेन होल के आसपास पानी एकत्रित होने व गड्ढे होने की समस्या पर लिया संज्ञान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहारू

लोहारू के मुख्य बाजार में सीवरेज मेन होल के आसपास पानी एकत्रित होने व गड्ढे होने की समस्या सामने आने पर डीसी साहिल गुप्ता ने तुरंत संज्ञान लिया। डीसी के निर्देशानुसार एसडीएम लोहारू मनोज दलाल ने तुरंत मौके जाकर मेनहोल को दुरूस्त करवाया। इससे आसपास के लोगों ने राहत की सांस ली और वहीं डीसी के साथ-साथ एसडीएम का भी आभार जताया। उल्लेखनीय है कि लोहारू के मुख्य बाजार में एक जगह पर सीवरेज मेन होल के आसपास गड्ढे बने हुए थे और उनमें नालियों का पानी जमा हो रहा था। इससे इस क्षेत्र के दुकानदारों के साथ-साथ बाजार में आने वाले लोगों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। यह मामला डीसी गुप्ता के जैसे ही संज्ञान में आया तो उन्होंने उसी समय लोहारू के एसडीएम मनोज दलाल को मौके पर जाकर कार्रवाई करवाने के निर्देश दिए। एसडीएम दलाल मौके पर पहुंचे और सीवरेज मेनहोल को दुरूस्त करवाने कार्य करवाया। उन्होंने जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को निर्देश दिए कि वे शहर में सर्वे करें।

---

## पराली और फसल अवशेष जलाने की घटनाओं पर रखी जाएगी पैनी नजर

- जिला, उपमंडल, ब्लॉक व ग्राम स्तर पर की समिति गठित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण के आदेश और राष्ट्रीय सीमा क्षेत्र में वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग के निर्देशों की अनुपालना में डीसी साहिल गुप्ता ने पराली या फसल अवशेष जलाने की घटनाओं पर अंकुश के लिए हेतू निगरानी और रोकथाम के लिए जिला स्तरीय, उपमंडलीय, ब्लॉक और ग्राम स्तरीय समितियों का गठन किया गया है। ये समितियां जिले में खुले में गेहूं के फसल अवशेष और पराली जलाने की किसी भी घटना की बारीकी से निगरानी और रोकथाम के लिए कार्य करेंगी। डीसी की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय कमेटी में एसपी, जिला राजस्व अधिकारी, डीडीपीओ, हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड भिवानी के क्षेत्रीय अधिकारी, कृषि उप निदेशक, सहायक कृषि अभियंता भिवानी को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। इसी प्रकार से उपमंडल स्तरीय निगरानी समिति में संबंधित एसडीएम को नोडल अधिकारी, संबंधित पुलिस उप अधीक्षक, तहसीलदार, संबंधित उपमंडल कृषि अधिकारी/एसएमएस व संबंधित एसडीओ प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को नियुक्त किया गया है। ब्लॉक स्तरीय कमेटी में संबंधित नायब तहसीलदार, संबंधित ब्लॉक विकास एवं पंचायत अधिकारी, संबंधित ब्लॉक कृषि अधिकारी व संबंधित एसएचओ/चौकी प्रभारी को नियुक्त किया गया है।

#### किसी भी कीमत पर पराली न जलाएं: डीसी

उपायुक्त साहिल गुप्ता ने बताया कि पराली या फसल अवशेष जलाने से न केवल जमीन की उर्वरा शक्ति कम होती है, बल्कि मित्र कीट भी मरते हैं, जो कि वे जमीन की उपजाऊता के लिए आवश्यक होते हैं। इसके साथ-साथ पराली या फसल अवशेष जलाने के दोषी मिलने संबंधित किसान मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर भी अपनी फसल का पंजीकरण नहीं कर पाएगा, जिससे वह सरकार की योजनाओं के लाभ से वंचित रह जाएगा।

---

### भारत सरकार की विदेश नीति की आलोचना

## जनसंगठनों ने विश्व शांति के लिए निकाला जुलूस

*नेहरू पार्क से घंटाघर चौक तक प्रदर्शन कर जुलूस निकाला*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

विभिन्न जनसंगठनों सर्व कर्मचारी संघ, किसान सभा, सीटू, जनवादी महिला समिति, रिटायर्ड कर्मचारी संघ, ज्ञान-विज्ञान समिति, जनवादी नौजवान सभा व दलित अधिकार मंच के कार्यकर्ताओं ने इजराईल-अमेरिकी सामाज्यवादी युद्ध के विरोध तथा विश्व शांति के पक्ष में शुक्रवार को नेहरू पार्क से घंटाघर चौक तक प्रदर्शन कर जुलूस निकाला। इस मौके पर सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान सुमेर सिंह आर्य, किसान सभा जिला प्रधान रामफल देशवाल, उपप्रधान कामरेड ओमप्रकाश, सीटू जिला सचिव कामरेड अनिल कुमार, रिटायर्ड कर्मचारी संघ के अखिल भारतीय महासचिव वजीर सिंह व जनवादी महिला समिति की जिला प्रधान बिमला घनघस ने संयुक्त रूप से कहा कि दो सप्ताह तक ईरान पर हमला नहीं करने की छूट तो स्वागत योग्य है, लेकिन सीजफायर की घोषणा के बाद भी इजराईल लेबनान पर लगातार हमले कर वहां आमजन की हत्या कर रहा है।



भिवानी। युद्ध विरोधी व विश्व शांति के लिए जुलूस निकालते जनसंगठनों के सदस्य।

#### बातचीत से समस्याओं का समाधान निकालें

कामरेड ओमप्रकाश ने कहा कि विश्व शांति के हित में अमेरिका-इजराईल सीजफायर का पालन करते हुए बातचीत से समस्याओं का समाधान निकाले। उन्होंने भारत सरकार की कड़ी आलोचना की कि उसने परम्परागत साम्राज्यवाद विरोधी विदेश नीति छोड़कर अमेरिका के सामने संकट की घड़ी में आत्मसमर्पण कर दिया है और उसके मुख्य विदेश सचिव विक्रम मिसरी व्यापार समझौते के लिए अमेरिका गए हुए है। हमारे लिए शर्मनाक है कि पाकिस्तान जैसा मुल्क युद्ध को रोकने की मध्यस्ता का रोल अदा करने की सूची में आ गया, जिसने हमेशा अमेरिकी मदद से भारत में आतंकवाद को बढ़ावा देकर प्रोक्सी युद्ध किया और जम्मू कश्मीर में अराजकता पैदा करता रहा है। उन्होंने कहा कि अमेरिका के साथ गैर बराबरी के आधार पर व्यापारिक समझौता करने की कोशिश की जा रही है, इससे हमारे किसान, मजदूर व औद्योगिक क्षेत्र के हितों पर भारी कुठाराघात होगा।

## खबर संक्षेप



### रेडिनस मेले में बच्चों का हुआ नामांकन

**बहल।** गांव हरियावास के आंगनवाड़ी केंद्र में रेडिनस मेला और पोषण अभियान जनआंदोलन पर आधारित कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन कार्यकर्ता उर्मिला हरियावास द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सुपरवाइजर वंदना मुख्यातिथि रही। शनिवार को मेले के दौरान छोटे बच्चों का नामांकन बड़े उत्साह के साथ किया गया। बच्चों के मनोरंजन के लिए आकर्षक गतिविधियों का आयोजन किया गया जिसमें उनके हाथों पर स्माइल और सैड टैटू बनाए गए। कार्यक्रम में ग्लास पिरामिड जैसे रोचक खेल खिलाए गए। इस अवसर पर गर्भवती महिलाओं की पारंपरिक गोद भराई की रस्म संपन्न कराई गई और उन्हें सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई ।

### टोल फ्री को लेकर गांव-गांव जगाएंगे अलख

**भिवानी।** बवानीखेड़ा के आसपास के करीब 10 किलोमीटर के दायरे में रहने वाले लोगों का टोल माफ करने की मांग को लेकर हरियाणा जागृति मोर्चा के सदस्यों ने गांव अलखपुरा में जनसम्पर्क अभियान चलाया। लोगों को 26 अप्रैल को टोल पर होने वाली महापंचायत का न्यौता दिया। ताकि दस किलोमीटर के दायरे में रहने वाले सभी लोगों को इसका फायदा मिल सके। मोर्चा के अध्यक्ष राजेश सिंधू ने कहा कि वे उक्त महापंचायत की सफलता के लिए गांव गांव जाकर लोगों से समर्थन मांगेंगे। ताकि बवानीखेड़ा के आसपास के लोगों पर पड़ने वाले आर्थिक बोझ को कम किया जा सके।

### धनाना सीएचसी में लगा एचपीवी टीकाकरण कैंप

**भिवानी ।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित करने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण पहल की है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) धनाना और इसके अंतर्गत आने वाले सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी) में एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण कैंपों का आयोजन किया। अभियान धनाना सीएचसी के एसएमओ डॉ. नागेश महर्षि की अध्यक्षता में चलाया, जिसमें लक्षित आयु वर्ग की बालिकाओं को वैक्सीन की खुराक दी गई। डॉ. नागेश महर्षि ने कहा कि सर्वाइकल कैंसर महिलाओं में होने वाला गंभीर रोग है, लेकिन सही समय पर एचपीवी टीकाकरण के माध्यम से इससे पूरी तरह बचा जा सकता है। हमारा उद्देश्य केवल टीका लगाना नहीं, बल्कि समाज में इस वैक्सीन के महत्व और लाभों के प्रति जागरूकता फैलाना है।

## विधायक, उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक ने लिया कार्यक्रम स्थल का जायजा

# नई सब्जी मंडी में सीएम की रैली आज देंगे विकास परियोजनाओं की सौगात

### अफसरों ने दिया निर्देश कार्यक्रम स्थल पर व्यवस्था हो चाक-चौबंद


- महिलाओं के बैठने के लिए अलग से सेक्टर बनाने के अधिकारियों ने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के शनिवार 11 अप्रैल को नई सब्जी मंडी में आयोजित होने वाले कार्यक्रम को लेकर विधायक सुनील सतपाल सांगवान ने उपायुक्त डॉ मुनीश नागपाल व पुलिस अधीक्षक लोगेश कुमार पी व अन्य अधिकारियों के साथ तैयारियों का जायजा लिया।

उन्होंने यहां पर की गई सभी व्यवस्थाओं के बारे में बारीकी से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि तैयारियों में किसी प्रकार की कमी नहीं रहनी चाहिए। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी कार्यक्रम के दौरान करोड़ों के विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे।

उन्होंने समारोह स्थल पर मुख्यमंत्री के मंच व लोगों के बैठने के लिए जगह का बारीकी से अवलोकन किया और कार्यक्रम स्थल पर बैरिकेटिंग, आमजन के आवागमन को लेकर आवश्यक



**चरखी दादरी।** रैली स्थल का निरीक्षण करते विधायक व अधिकारी।

दिशा निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में पहुंचने के लिए अलग-अलग मार्गों के माध्यम से आने वाले लोगों के लिए बेहतर सुविधाएं हो, इसके लिए संबंधित अधिकारी पुख्ता प्रबंध करें। महिलाओं के लिए बैठने के लिए अलग से सेक्टर बनाएं जाएं।

इस कार्यक्रम में भारी संख्या में लोग शामिल होंगे, जिसमें महिलाओं की बहुत बड़ी भागीदारी होगी। इस दौरान विधायक सुनील सांगवान ने रैली में बाहर से आने वाले वाहनों की पार्किंग की भी व्यवस्था जांची। इसके लिए ट्राफिक पुलिस की जिम्मेदारी सौंपी गई। इनके अलावा वॉलिटियर भी व्यवस्था को संभालते रहेंगे। ताकि शहर की यातायात व्यवस्था बेपटरी न हो पाए।

वहीं, दूसरी ओर उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने भी सभी अधिकारियों के साथ अब तक की गई तैयारियों को बारे में विस्तार से जानकारी ली। हर एक पहलु के बारे में पूछा और ठोस व्यवस्था करने को कहा। अधिकारियों ने रैली में पहुंचने वाले नेताओं के वाहनों को खड़ा करने के लिए अलग से व्यवस्था करवाई गई है। दूसरी तरफ पुलिस अधिकारियों ने शहर की सुरक्षा व्यवस्था भी जांची। उन्होंने मुख्य मंच, ट्रैफिक मैनेजमेंट, पार्किंग व्यवस्था, स्टेज, मीडिया गैलरी आदि को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान एडीसी दीपक बाबूलाल करवा, डीएमसी हरबीर सिंह, एसडीएम डा विरेन्द्र सिंह, सीटीएम डा सुभाष चंद्र, एसडीएम आशीष सांगवान सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### 386 ग्राम चूरा पोस्त के साथ एक गिरफ्तार

**लोहारू।** लोहारू थाना पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए सूरजगढ पुलिस नाके के पास एक वाहन की तलाशी के दौरान डेस बोर्ड से करीब 386 ग्राम चूरापोस्त बरामद करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने मौके से गिरफ्तार किए गए आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके कार्रवाई शुरू कर दी है।

पुलिस अधिकारी विनोद कुमार की टीम को हरियाणा के राजस्थान राजस्थान से पंजाब की ओर नशीला पदार्थ की तस्करी किए जाने की गुप्त सूचना मिली। जिस पर पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए सूरजगढ रोड पर नाका लगा दिया और वाहनों की जांच शुरू कर दी। इस दौरान वहां से गुजर रहे एक बल्कर ट्रक को रुकवाकर उसकी नियमानुसार तलाशी ली गई। उक्त वाहन में सीमेंट भरी हुई थी तथा तलाशी के दौरान वाहन के डेस बोर्ड से करीब 386 ग्राम चूरा पोस्त बरामद की गई। पुलिस ने वाहन चालक पंजाब राज्य के तरणतारण जिला निवासी अंग्रेज सिंह को काबू कर लिया।

## टेंडर नहीं लगाया तो करेंगे दादरी-बाढ़ड़ा रोड को जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बाढ़ड़ा

गांव पिचौपा कलां में खेल स्टेडियम के समय पर टेंडर प्रक्रिया नहीं अपनाने पर गुस्साए ग्रामीणों ने रोष बैठक आयोजित कर विधायक उमेद पातुवास व जिला प्रशासन को एक सप्ताह का अल्टीमेटम देते हुए निर्धारित समय में काम शुरु न करवाने पर ग्रामीण दादरी बाढड़ा मुख्य सडक़मार्ग को जाम करने की चेतावनी दी।

गांव पिचौपा कलां में सरपंच अशोक कुमार की अध्यक्षता में आयोजित मौजिज ग्रामीणों की बैठक में गांव के खिलाडिय़ों के लिए प्रस्तावित खेल स्टेडियम निर्मित करवाने में करोड़ों का बजट जारी होने के बावजूद टेंडर प्रक्रिया रोकने पर कड़ा रोष जताया। ग्रामीणों ने कहा कि प्रदेश सरकार क्षेत्र के युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ कर



रही है। प्रदेश सरकार द्वारा पिचोपा कलां के स्टेडियम में से सिंथेटिक ट्रैक को हटाया जा रहा है। दो साल पहले जब पिचोंपा कलां स्टेडियम की ड्राइंग स्वीकृत हुई थी तब उसमें सिंथेटिक ट्रैक भी मंजूर हुआ था अब इसमें सरकार द्वारा छोटे स्तर की राजनीति करके स्टेडियम की ड्राइंग में से सिंथेटिक ट्रैक को हटाया जा रहा हैं विधायक उमेद पातुवास को भी अवगत करवा दिया है।

## चौधरी बंसीलाल राजकीय बहुतकनीकी संस्थान में 12 छात्रों ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

रक्त की बूंदें किसी के जीवन को बचाने में काम आती हैं, उस रक्तदान से बड़ा संसार में कोई दान नहीं है, उपरोक्त कथन 11 हरियाणा बटालियन एनसीसी के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल रितेश रंजन ने विश्व स्वास्थ्य दिवस पर सिविल अस्पताल व रेडक्रॉस भिवानी के सहयोग से सेक्टर 13 स्थित चौधरी बंसीलाल राजकीय बहुतकनीकी संस्थान में आयोजित रक्तदान शिविर का बतौर मुख्यतिथि उद्घाटन करते हुए व्यक्त किए।

इस अवसर पर मुख्यतिथि कर्नल रितेश रंजन और प्राचार्या डॉ. गीता गुलिया ने हाल ही में इंटर पॉलिटेक्निक एथलेटिक्स मीट में रनर्स ट्रॉफी और पच्चीस हजार का नकद इनाम लेकर लौटे संस्थान के



रक्तदाताओं को बैज लगाकर सम्मानित करते 11 हरियाणा बटालियन एनसीसी के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल रितेश रंजन। *फोटो : हरिभूमि*

होनहार एथलीट को सम्मानित किया। कार्यक्रम में टीपीओ कम उपप्राचार्य बृजमोहन, एनसीसी इंचार्ज डॉ. सन्नी पन्नू, डॉ. एमएस दहिया, विपिन कुमार, डॉ किस्मत, नीरज साहू और अन्नु कुमारी उपस्थित थे। एनसीसी कैडेट्स सिद्धांत यादव, ईशु कुमारी, रामबीर और जतिन को एथलेटिक्स टीम में अग्रणी भूमिका निभाने पर विशेष तौर पर सम्मानित किया। शिविर में स्टाफ सदस्यों, एनसीसी कैडेट्स, एनएसएस स्वयंसेवकों और छात्रों ने भाग लिया, जिसमें 22 छात्रों ने रक्तदान किया। प्राचार्य डॉ. गीता ने अपने व्याख्यान में विद्यार्थियों को एनसीसी और भारतीय सेना से अनुशासन एवं एकता की सीख लेने का आह्वान किया।

## विधायक कुलदीप के अपमान पर भिवानी में ब्राह्मण समाज में रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

बीते दिनों झज्जर जिले में भगवान परशुराम जयंती के पावन अवसर पर कांग्रेस विधायक कुलदीप वत्स के साथ हुई अभद्रता और अपमान का मामला अब गरमाता जा रहा है। इस घटना के विरोध में शुक्रवार को स्थानीय पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधियों ने पत्रकार वार्ता आयोजित की।

इस दौरान समाज के प्रबुद्धजनों ने विधायक के अपमान की कड़े शब्दों में निंदा की और इस घटना को एक गहरी राजनीतिक साजिश करार दिया। पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए समाज के नेताओं ने सीधे तौर पर झज्जर के स्थानीय पूर्व मंत्री पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि विधायक कुलदीप वत्स की बढ़ती लोकप्रियता और सर्व समाज में उनकी मजबूत पकड़ से



घबराकर पूर्व मंत्री के इशारे पर यह विरोध करवाया गया है। प्रधान ईश्वर शर्मा, अधिवक्ता मुकेश गौड, अधिवक्ता उमेश भारद्वाज ने कहा कि कुलदीप वत्स न केवल एक सफल राजनीतिज्ञ हैं, बल्कि एक समर्पित सामाजिक व्यक्तित्व भी हैं। वे हमेशा सर्व समाज को साथ लेकर चलते हैं और सामाजिक कार्यों में बढ़-चढक़र अपनी भागीदारी सुनिश्चित करते हैं। उनकी इसी छवि को धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह केवल एक विधायक का अपमान नहीं है।

## जाट धर्मशाला में कल होगा प्रतिभाओं का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

छोटी काशी और खेल नगरी के रूप में विख्यात भिवानी शहर फिर ऐतिहासिक पल का साक्षी बनने जा रहा है। 12 अप्रैल को जाट धर्मशाला में सुबह 10 बजे से जाट प्रतिभा सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता जाट धर्मशाला सभा के प्रधान दिलबाग सिंह सांगवान ने की और कहा कि समारोह का मुख्य ध्येय समाज की उन विलक्षण प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना है, जिन्होंने मेहनत के दम पर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पटल पर अपनी पहचान बनाई है।

समारोह के दौरान विभिन्न



जाट धर्मशाला में प्रतिभा सम्मान समारोह को बैठक में चर्चा करते पदाधिकार।

क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले युवाओं की लंबी फेहरिस्त तैयार की है, जिनमें आईएएस, एचसीएस और न्यायिक सेवाओं में चयनित नवनियुक्त अधिकारी, एनडीए और सीडीएस के माध्यम से सेना में अधिकारी बनने वाले युवा, आईआईटी, आईआईएम और देशभर के एमबीबीएस पास आउट, 10वीं और 12वीं कक्षा में 95 प्रतिशत या उससे अधिक अंक लाने वाले मेधावी विद्यार्थी तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी और बीए-एमए में शीर्ष तीन स्थान प्राप्त करने वाली प्रतिभाएं शामिल रहेंगे।

### मजदूरों की आवाज दबाना निंदनीय, 30 हजार हो न्यूनतम वेतनः बासिया

**भिवानी।** एआईयूटीयूसी के जिला सचिव कामरेड राजकुमार बासिया ने गुरूग्राम में शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे मजदूरों पर पुलिस द्वारा किए लाठीचार्ज की कड़े शब्दों में निंदा की है। इस कार्रवाई को लोकतंत्र की हत्या और सरकार के कॉरपोरेट परस्त चेहरे का प्रमाण बताया है।

प्रेस बयान में कामरेड बासिया ने कहा कि गुरूग्राम में पिछले एक सप्ताह से वेतन वृद्धि और मूलभूत सुविधाओं की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे कैजुअल और ठेका मजदूरों की जायज मांगों को सुनने के बजाय, सरकार पुलिसिया दमन के जरिए उन्हें डराने का प्रयास कर रही है। उन्होंने मांग की कि इस बर्बर लाठीचार्ज के लिए जिम्मेदार दोषी अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए और उन पर तत्काल सख्त कार्रवाई हो। हरियाणा सरकार द्वारा ८ अप्रैल को घोषित न्यूनतम वेतन वृद्धि पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कामरेड बासिया ने इसे मजदूरों के साथ बड़ा धोखा करार दिया।

## अनाज मंडियों में थोपी जा रही शर्तों के खिलाफ भाकियू आज दिखाएगी दम

- अपराधी की तरह मंडी में खड़ा होने को मजबूर है अन्नदाता : राकेश
- कहा-किसान उपज बेचने को अपराधी की तरह कतार में खड़ा नजर आ रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

प्रदेश की अनाज मंडियों में फसल खरीद प्रक्रिया के दौरान सरकार द्वारा लागू की नई शर्तों और जटिल नियमों ने किसानों के आक्रोश को भड़का दिया है। संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा आगामी 11 अप्रैल को घोषित प्रदेशव्यापी प्रदर्शन को भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) टिकैत का समर्थन मिला है। भाकियू अध्यक्ष राकेश आर्य ने आंदोलन को सफल बनाने के लिए कमर कस ली है और कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंप दी हैं।

### भाकियू बढ़-चढ़कर लेगी भाग

उन्होंने सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि मंडियों में फसल बेचने के लिए जो अनाप-शनाप शर्तें थोपी गई हैं, वे पूरी तरह से किसान विरोधी हैं। भाकियू का प्रत्येक सदस्य प्रदर्शन में बढ़-चढक़र हिस्सा लेगा। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों की आय दोगुनी करने के लुभावने दावे करती है, वहीं मंडियों में ऐसे नियम बना दिए कि किसान अपनी ही खून-पसीने की उपज बेचने के लिए अपराधी की तरह कतार में खड़ा नजर आता है। पोर्टल की खामियों के कारण किसान दर-दर भटकने को मजबूर है। उन्होंने कहा कि 11 अप्रैल को जिला मुख्यालयों पर होने वाले प्रदर्शन में ऑनलाइन पोर्टल में आ रही तकनीकी दिक्कतों और खरीद में देरी पैदा करने वाली शर्तों को तुरंत वापस लिए जाने व ओलावृष्टि और बाढ़ से बर्बाद फसलों का उचित मुआवजा की मांग की जाएगी।


हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8814999151, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008


### गैर मान्यता प्राप्त प्ले स्कूल, कोचिंग के खिलाफ कार्रवाई की मांग

# 15 को बंद रहेंगे जिलेभर के स्कूल

### रामअवतार शर्मा बोले स्कूल बिल्डिंग और बसों की चाबी जिला उपायुक्त को सौपेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

वर्षों से लंबित प्राइवेट स्कूलों की मांगों को लेकर आने वाले बुधवार 15 अप्रैल को प्राइवेट स्कूल वेलफेयर एसोसिएशन हरियाणा जिला उपायुक्त कार्यालय पर प्रदर्शन करेगा। इस दिन भिवानी जिले के सभी प्राइवेट स्कूल बंद रहेंगे और स्कूलों का पूरा टीचिंग और नॉन टीचंग स्टाफ प्रदर्शन में शामिल होगा। साथ ही प्राइवेट स्कूल संचालक अपने स्कूलों को ताला चाबी जिला उपायुक्त को सौपेंगे।

एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष रामावतार शर्मा ने पत्रकारों को बताया कि एसोसिएशन के पदाधिकाइयों पदाधिकारियों की एक मीटिंग पिछले सप्ताह हुई थी जिसमें निर्णय लिया गया था की यदि जिला प्रशासन सात




**भिवानी।** पत्रकारों से बातचीत करते एसोसिएशन के अध्यक्ष। फोटो : हरिभूमि

दिन के अंदर कोई कार्रवाई नहीं करता है तो एसोसिएशन प्रदेशभर में जिला स्तर पर प्रदर्शन कर आंदोलन शुरू करेगा।

इस मीटिंग में विभिन्न प्राइवेट स्कूलों के प्रिंसिपल और डायरेक्टर व जिले के सभी ब्लॉक के प्रधान व पदाधिकारी मौजूद थे और सभी ने सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया कि प्रशासन के ढुलमुल रवैये को देखते हुए विरोध दर्ज करवाया जाए।

रामावतार शर्मा ने कहा कि जब तक जिला प्रशासन अवैध और गैर मान्यता प्राप्त प्ले स्कूल और कोचिंग एकेडमी के खिलाफ कार्रवाई नहीं करता यह विरोध जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि एसोसिएशन ने लम्बा संघर्ष करके केंद्र सरकार से कानून बनवाया और राज्य सरकारों को गाइडलाइन जारी करवाई। इसके बाद, राज्य सरकार से भी हमने कानून लागू करवाया. लेकिन अब इस कानून को लागू करने की बात आयी है तो जिला स्तर पर जिला प्रशासन इसे लागू नहीं कर रहा। पिछले 5 वर्षों से लगातार जिला प्रशासन के संज्ञान में एसोसिएशन यह मामला ला रहा है।

इसके साथ ही, राइट टू एजुकेशन, 134ए और चिराग योजना के तहत प्राइवेट स्कूलों में निशुल्क पढ़ रहे बच्चों की लाखों रुपए की फीस सरकार की तरफ बकाया है. रामअवतार शर्मा ने कहा कि जब राज्य सरकार प्राइवेट स्कूलों में फ्री पढ़ाने की कोई स्कीम लागू करती है तो बड़े-बड़े आश्वासन देती है, वादे करती है लेकिन उसके बाद जब प्राइवेट स्कूल इन बच्चों को फ्री में शिक्षा देने लगते हैं तो उनके पैसे देने में आनाकानी करने लगती है. इन गरीब बच्चों की फीस देने के लिए स्कूलों से तरह-तरह के कागज मांगे जाते हैं।

### जिला उपायुक्त कार्यालय का घेराव

इन सारे मुद्दों के विरोध में प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन अगले बुधवार को जिला उपायुक्त कार्यालय का घेराव करेगी और स्कूल बिल्डिंग पर ताला लगाकर उसकी और स्कूल बसों की चाबी जिला उपायुक्त को सौंपेंगे ताकि जो यह जिला प्रशासन सोया हुआ है इसकी नींद खुले और प्राइवेट स्कूलों की मांगों पर ध्यान देकर उन्हें पूरा करें। इन प्ले स्कूलों और अवैध कोचिंग अकडेमियों को बंद करवाकर बच्चों का भविष्य सुरक्षित करें। इस अवसर पर अमित डागर, कर्ण मिर्ग, यतींद्र नाथ, संजीव श्योराण, डीपी कौशिक, कमला गुरेजा, जगदीप कौर, सतीश वैद, अमित नारू, मनमोहन चावला, दीपक शर्मा, सुनील रहेजा, व अन्य स्कूल संचालक उपस्थित थे ।

### रिटायर्ड फोरेस्ट इंस्पेक्टर बने ग्राम शिक्षा समिति के कार्यकारी प्रधान

**भिवानी ।** ग्राम शिक्षा समिति ग्राम पंचायत एवं अभिभावकों की संयुक्त मीटिंग में रिटायर्ड फोरेस्ट इंस्पेक्टर जयबीर सिंह बरवर को ग्राम शिक्षा समिति प्रेमनगर का कार्यकारी प्रधान नियुक्त किया है। सरपंच राजेश बूरा ने बताया कि शिक्षा समिति की कार्यकुशलता बढ़ाने और शिक्षा में गुणात्मक सुधार लाने के लिए जयबीर सिंह की ग्राम शिक्षा समिति प्रेमनगर बतौर कार्यकारी प्रधान नियुक्ति की है। उन्होंने बताया कि संयुक्त बैठक में शिक्षा में गुणात्मक सुधार और सरकारी स्कूलों में नामांकन बढ़ाने के लिए भी ठोस व प्रभावी निर्णय लिए। इस अवसर पर शिक्षा समिति के प्रधान जोगेंद्र सिंह बूरा, सरपंच राजेश कुमार, जयबीर सिंह बरवर, दलबीर मैनेजर, पंच राजेंद्र दुहन, पंच सत्यनारायण, पंच बलवान, सुखबीर सिंह ढ़ांडा, बलबीर ड्राईवर, जसबीर मोनू, मनोज कुमार, रवि शर्मा आदि मौजूद रहे।

## आढ़ती एसोसिएशन ने गेहूं दान किया

**बाढड़ा।** कस्बे की अनाज मंडी आढती एसोसिएशन ने आज सामाजिक गतिविधियों में अग्रणी रहते हुए स्वेच्छा से कन्या गुरुकुल पंचगावां एवं गोशाला को गेहूं दान देने का फैसला लेते हुए संस्थाओं के पदाधिकारियों को सौंपा। कस्बे की अनाज मंडी में आयोजित कार्यक्रम में अनाज मंडी आढती एसोसिएशन पदाधिकारियों ने अध्यक्ष हनुमान शर्मा की अगुवाई में कन्या गुरुकुल पंचगावां अध्यक्ष ओमप्रकाश पंचगावां को गोसेवा व कन्या पाकशाला के लिए १५ क्विंटल गेहूं भेंट किया। इसके अलावा जल्द ही श्रीश्याम मंदिर बरनाला हंसावास व जुई गोशाला कमेटी को भी सात सात क्विंटल गेहूं दान किया जाएगा। कन्या गुरुकुल पंचगावां अध्यक्ष ओमप्रकाश पंचगावां ने कहा कि आढती एसोसिएशन लंबे समय से गोसेवा के कार्यो में भागीदारी करती है तथा हर सीजन पर आर्थिक सहयोग भी करती है।